# डिफेंस कॉरिडोर को किसान पथ से जोड़ेगी छह लेन की सड़क

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाले रक्षा उत्पादों के परिवहन के लिए नई सड़क बनाई जाएगी। यह सड़क डिफेंस कॉरिडोर को किसान पथ से जोड़ेगी। छह किलोमीटर लंबी और 22 मीटर चौड़ी सड़क पर डिवाइडर नहीं होगा, ताकि भारी वाहन आसानी से आवाजाही कर सकें। पीडब्ल्यूडी ने 100 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। बजट की मंजूरी मिलते ही निर्माण कराया जाएगा।

करीब 3.5 मीटर चौड़े गहरू-पिपरसंड मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हैं। अब डिफेंस कॉरिडोर

**01** सौ करोड़ रुपये का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी ने शासन को भेजा

बनने के बाद पीडब्ल्यूडी इस सड़क को चौड़ा करेगा। इसके अलावा फुटपाथ बनाएं जाएंगे। नई सड़क बनने से सरोजनीनगर और बंथरा औद्योगिक क्षेत्र को भी फायदा मिलेगा। भारी वाहनों का आवागमन आगरा एक्सप्रेस-वे, आउटर रिंग रोड और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे तक आसानी से हो जाएगा। अधिशासी अभियंता अनूप मिश्रा ने पुष्टि की।